
नवभारत टाइम्स NBT
Delhi Times OF INDIA
masala mix
SATURDAY, DECEMBER 27, 2025
ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE



1989

**मासूम चेहरा, बड़ी बड़ी आंखें और फ्यूचर का स्टार!**


22 साल का यह लड़का सबसे पहले नजर आया बीवी हो तो ऐसी फिल्म में बतौर स्पोर्टिंग एक्टर। थोड़ा शर्मीला, अनपॉलिश्ड और स्टारडम से दूर। फिर थोड़ी बॉडी बनाकर मैंने प्यार किया में आया, तब भी कौन जानता था कि ये मासूम चेहरा आने वाले दिनों में भाईजान बन जाएगा।

# आप 60 साल में भी 23 जैसे हो!

# BHAI JAAN

2025

पिछले 38 साल से फिल्म इंडस्ट्री पर राज कर रहे सलमान खान आज 60 साल पूरे कर रहे हैं। वह आज भी हजारों फीमेल फैन्स के लिए उनके ड्रीम मैन हैं, लवर बॉय हैं, तो लाखों के लिए दबंग भाईजान। मासूम चेहरे और दमदार बॉडी के मालिक सलमान किसी के लिए चैरिटी करने वाले दिलदार हैं, तो कइयों का करियर बनाने वाले गॉडफादर। एक बात उनकी लाइफ में जो सबसे ज्यादा कॉमन रही, वह है फिटनेस के प्रति उनकी दीवानगी। यही वजह है कि हॉल में उनकी एंट्री होते ही, शर्ट उतारते ही सीटियों का दौर जो 1989 में शुरू हुआ, वह आज भी कायम है। कायम है उनकी फिटनेस व खूबसूरती का लंबा दौर :



**बर्थडे से 6 दिन पहले धमाल**

बर्थडे से 6 दिन पहले सलमान ने ये फोटो पोस्ट करके कहा, काश अपने 60वें बर्थडे पर भी ऐसा दिखूं। इस ने फैन्स को उनकी शानदार लाइफ जर्नी की याद दिला दी।

**मासूम चेहरे से दबंग भाईजान**
**हर दशक में नया सलमान**

प्रशांत जैन की रिपोर्ट पेज 3 पर

## Buzzstop


## कैलाश खेर के प्रोग्राम में मच गई भगदड़



कैलाश खेर के ग्वालियर शो में भगदड़ मच जाने से कार्यक्रम को बीच में रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार, कैलाश स्टेज पर परफॉर्म कर रहे थे। अचानक से भगदड़ मचने से भीड़ बेकाबू हो गई और बैरिकेड तोड़कर स्टेज पर चढ़ने लगी। मामला इतना बिगड़ गया कि शो को बीच में ही रोकना पड़ा। अव्यवस्था के चलते कैलाश खेर को अपना शो बीच में ही छोड़कर निकलना पड़ा।

## आलिया, कटरीना का फैमिली क्रिसमस

@aliabhatt





आलिया व रणबीर ने सजाया बेटी राहा का नाम


आलिया भट्ट और कटरीना कैफ ने परिवार के साथ क्रिसमस पर खूब एंजॉय किया। इसकी कुछ झलकियां दोनों स्टार्स ने सोशल मीडिया पर भी साझा की हैं। आलिया की पोस्ट मे रणबीर भी नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'प्यार से सराबोर क्रिसमस।' वहीं कटरीना ने अपने पति विकी कौशल और देवर सनी कौशल के साथ क्रिसमस की फोटो शेयर की। पोस्ट के साथ कटरीना ने लिखा, 'सभी को प्यार, खुशी और शांति... यह एक बहुत ही शानदार क्रिसमस रहा है।'

@katrinakaif



कटरीना ने फैमिली के साथ क्रिसमस मनाया


## पहली बार साथ आएंगे शाहरुख व रजनीकांत



शाहरुख खान और रजनीकांत दो ऐसे सुपरस्टार हैं जिनका करियर तो बड़ा रहा है फिर भी दोनों एक स्क्रीन पर कभी साथ नजर नहीं आए। अब खबर है कि ये दोनों सुपरस्टार एक फिल्म में साथ नजर आएंगे। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू मे मिथुन चक्रवर्ती ने इस बारे में बात की है।

दरअसल, मिथुन से पूछा गया कि क्या वह किसी खास जॉनर की फिल्में पसंद करते हैं। उन्होंने जवाब में कहा, 'ऐसा तय नहीं किया जा सकता। मेरी अगली फिल्म 'जेलर 2' है, जिसमें सब मेरे अपोजिट हैं।' इसके बाद मिथुन ने फिल्म की स्टार कास्ट का जिक्र करते हुए कहा, 'रजनीकांत, मोहनलाल, शाहरुख खान, रम्या कृष्णन, शिवा राजकुमार, इन सभी के रोल मेरे अपोजिट हैं।' इससे ये साफ हो गया है कि शाहरुख जेलर 2 का हिस्सा हैं।

मेरी अगली फिल्म 'जेलर 2' है, जिसमें रजनीकांत, मोहनलाल, शाहरुख खान, रम्या कृष्णन, शिवा राजकुमार सब मेरे अपोजिट नजर आएंगे।
-मिथुन



सुपर स्टार सलमान खान मना रहे हैं अपना 60वां जन्मदिन

# मासूम चेहरे से दबंग भाईजान हर दशक में नया सलमान



टाइगर 3

जल्द अपने अभिनय करियर के चार दशक पूरे करने जा रहे सलमान खान ने शुरुआत एक लवर बॉय के तौर पर की थी। रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों से वह अपने अभिनय को एक अलग लेवल पर ले गए। फिल्म वॉन्टेड से ऐक्शन हीरो के अवतार में आकर उन्होंने अपने चाहने वालों को चौंका दिया। वहीं फिल्म प्रेम रतन धन पायो से वह फैमिली मैन के अवतार में नजर आए। बजरंगी भाईजान, सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी फिल्मों के बाद यह सिलसिला जारी है। पेश है **प्रशांत जैन** की यह खास रिपोर्ट :

## बॉडी बिल्डर

अपनी पहली चर्चित फिल्म मैंने प्यार किया में शर्ट उतारकर बॉडी दिखाने वाले सलमान खान ने इस सिलसिले को आज भी कायम रखा है। कहा जाता है कि सलमान जब तक सिनेमा स्क्रीन पर शर्ट नहीं उतारते, तब तक उनके फैंस को तसल्ली नहीं होती। भाई का बॉडी बिल्डिंग का अंदाज कुछ ऐसा है कि उन्हें देखकर कई जेनरेशन ने बॉडी बनाना सीखा है। पिछले दिनों जब सलमान की फिटनेस पर सवाल उठे, तो उन्होंने सिक्स पैक अवतार में वापसी की।

## दबंग

सलमान का चर्चित डायलॉग 'एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर दी, तो फिर मैं अपने आप की भी नहीं सुनता' उनकी पर्सनैलिटी को बयां करता है। उनको फिल्म इंडस्ट्री में दबंग के तौर पर जाना जाता है, जिसकी नाराजगी झेलना सामने वाले के लिए आसान नहीं होता। फिर चाहे वह शाहरुख के साथ लंबी चली कैंप वॉर हो या फिर कई दूसरे कलाकारों का दांव पर लग गया करियर।

## सुपरस्टार

सलमान का डायलॉग 'दिल में आता हूं, समझ में नहीं' काफी चर्चित है। यह उनके और फैंस के बीच के प्यार भरे रिश्ते को दिखाता है। दूसरे कलाकारों की कमजोर फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ कमाने में पसीना छूट जाता है। वहीं सलमान की कमजोर फिल्में भी 100 करोड़ कमा लेती हैं। उनके नाम पर 18 फिल्मों को 100 करोड़ क्लब में भेजने का रेकॉर्ड है। वह सबसे ज्यादा फिल्मों में कैमियो किया है।

## बिग बॉस

सलमान खान न सिर्फ बड़ी स्क्रीन के सुपरस्टार हैं, बल्कि पिछले डेढ़ दशक से वह भारत के सबसे चर्चित शो बिग बॉस को भी होस्ट कर रहे हैं। इस शो को उनसे पहले भी कई बड़े कलाकारों ने होस्ट किया, लेकिन जब से सलमान ने इसकी कमान संभाली, तब से वह ही बिग बॉय के पर्याय बन गए हैं। हालांकि इस बीच लोगों की पसंद में काफी बदलाव आया, लेकिन सलमान ने ओटीटी के दौर में भी बतौर बिग बॉस फैंस को अपना दीवाना बनाया हुआ है।

## दिलवाला

सलमान खान की गिनती ऐसे दिलदार इंसान के तौर पर होती है, जो ना सिर्फ अपने परिवार के लोगों की फिल्मों में काम करते हैं, बल्कि मुश्किल दौर से गुजर रहे लोगों की चुपचाप मदद भी करते हैं। अक्सर ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं। सलमान अपने भाईयों अरबाज व सोहेल की फिल्मों में नजर आए, तो जीजा अतुल अग्निहोत्री की फिल्मों में भी। वहीं उन्होंने अपने छोटे जीजा आयुष शर्मा को फिल्मी दुनिया में लॉन्च किया। इसके अलावा उनका बीइंग ह्यूमन संगठन जरूरतमंद लोगों की मदद करता है।

## हैंडसम

पीपल मैगजीन ने साल 2004 में सलमान खान को दुनिया के सातवें सबसे खूबसूरत इंसान का खिताब दिया था। वहीं लंदन, न्यूयॉर्क और दिल्ली के मैडम तुसाड म्यूजियम में सलमान के पुतले भी लगाए जा चुके हैं। लड़कियों को दीवाना बनाने वाले सलमान की गिनती इंडस्ट्री के सबसे हैंडसम कलाकारों में होती है। उनके चॉकलेटी चेहरे पर जान देने वाली तमाम फैंस उस दौर में भी अपने कमरों में उनके पोस्टर लगाती थीं। वहीं फीमेल फैंस आज भी कुंवारे सलमान खान की दीवानी हैं।


# लवर बॉय से फैमिली मैन तक का सफर

## लवर बॉय

22 साल के नौजवान सलमान खान ने सिनेमा के पर्दे पर चॉकलेटी अवतार में एंट्री की। इस दुबले पतले ऐक्टर ने मैंने प्यार किया से फीमेल फैंस को दीवाना बना लिया। वहीं हम आपके हैं कौन में माधुरी दीक्षित के उनकी जोड़ी छा गई। हम साथ साथ है में सोनाली बेंद्रे के शर्मीले प्रेमी का किरदार निभाने वाले सलमान ने बीवी नंबर वन में करिश्मा कपूर और सुष्मिता सेन के अपोजिट डबल रोमांस किया। ऐश्वर्या राय के अपोजिट फिल्म हम दिल दे चुके सनम में सलमान के रोमांटिक अवतार को बेहद पसंद किया गया।



सुल्तान



हम आपके हैं कौन

## फैमिली मैन

माना जा रहा था कि दबंग और किक जैसी फिल्मों से सलमान ने करियर का पीक छू लिया है। लेकिन उन्होंने चाहने वालों को एक बार फिर चौंकाते हुए साल 2015 से 2017 तक लगातार तीन सालों में अपने फिल्मी करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्में बजरंगी भाईजान, सुल्तान और टाइगर जिंदा है रिलीज की। इन तीनों ही फिल्मों ने 300 करोड़ क्लब में एंट्री की। इन तीनों ही फिल्मों में वह फैमिली मैन के तौर पर नजर आए। इस तरह सलमान इकलौते ऐसे बॉलिवुड सितारे बन गए, जिनकी तीन फिल्में 300 करोड़ क्लब में पहुंची हैं।

## एक्शन हीरो


साल 2003 में आई फिल्म तेरे नाम में गुस्सैल आशिक का उनका किरदार काफी चर्चा में रहा था। इसके बाद लगा कि सलमान का करियर ग्राफ थम सा गया है। लेकिन उन्होंने फिल्म वॉन्टेड से जोरदार वापसी की। वहीं दबंग और बॉडीगार्ड जैसी फिल्मों में सलमान के एक्शन अवतार ने उनके करियर ग्राफ को ऊपर चढ़ाया। जबकि दबंग 2 और किक जैसी फिल्मों ने भाईजान के स्वैग में बढ़ोत्तरी की।



वॉन्टेड

## चर्चित फिल्में

- मैंने प्यार किया : 1989
- हम आपके हैं कौन : 1994
- हम दिल दे चुके सनम : 1999
- तेरे नाम : 2003
- वॉन्टेड : 2009
- दबंग : 2010
- एक था टाइगर : 2012
- किक : 2014
- बजरंगी भाईजान : 2015
- सुल्तान : 2016
- टाइगर जिंदा है : 2017



दबंग


THE WINTER SALE

JAINSONS WESTEND
AJMAL KHAN ROAD, KAROL BAGH
(M)8851935296

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDINDRAD User: ravish.singh Time: 12-25-2025 21:29 Color:

# EXCHANGE A STUCK PROPERTY

## IMMEDIATE POSSESSION READY APARTMENT AT NOIDA FNG EXPRESSWAY



**AVAIL BANK LOAN FACILITY**

## 75030-77777

THE KEYS
Universal Realty Advisors

**DISCLAIMER:** The intended customers are advised to understand the project details, terms of allotment and statutory approvals before making any purchase decision. The inclusions reflected in the image are not part of the offer and are illustrative in nature.

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in